an>

Title: Need to construct embankments for flood control in Rampur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) ः उत्तर प्रदेश के संसदीय क्षेत्र रामपुर में प्रमुख रूप से पांच नदियाँ हैं, जिनमें बरसात के मौसम में बाढ़ आती है और किसानों की फसलों का बहुत नुकसान होता है। इस मुद्दे को मैं शून्यकाल के अंतर्गत 20 जुलाई, 2016 को भी उठा चुका हूँ और संबंधित मंत्रालय द्वारा मुझे दो पत्र सं. (D.O. No. FR480 MOS-WR, RD&GR/2016) व (D.O. No. FR 455 MOS-WR,RD&GR/2016) प्राप्त हुए हैं। पत्र के द्वारा मुझे अवगत कराया गया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर में बाढ़ प्रबंधन हेतु उक्त नदियों में बाढ़ सुरक्षा हेतु 62.26 कि.मी. लम्बाई में 9 तटबंध, 2 अस्थाई बंध एवं 6 कटाव निरोधक कार्य निर्माणाधीन हैं। जब पत्र प्राप्त होने के बाद मैंने रामपुर क्षेत्र में उक्त नदियों का निरीक्षण किया तो सच्चाई यह है कि उक्त नदियों के कटान को रोकने हेतु कोई काम प्रारंभ नहीं हुआ है।

रामपुर में जो पत्र के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया था उसके लिए सम्बंधित मंत्रालय द्वारा कितना धन आवंटित हुआ था और नदियों के कटान को रोकने का कार्य कब तक समाप्त हो जाएगा। मैं पुनः सरकार से इस कार्य का निरीक्षण कराने के लिए अनुरोध करता हूँ और जो भी अधिकारी इसमें दोषी पाए जाते हैं उन्हें तत्काल बरखास्त किया जाए और ऐसे अधिकारियों को दंडित किया जाए, मैं सरकार के समक्ष ऐसी माँग करता हूँ।